TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

15 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा पुरुष और महिला दोनों के लिए

समान रूप से आवश्यक है।


ज्योतिबा फूले



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई




युवाओं की स्थिति को देखते हुए श्रीलंका के पहल पर 11 नवंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के तौर पर मनाये जाने का फैसला लिया। वर्ष 2015 में ये पहली बार मनाया गया। दरअसल, इस दिन युवाओं के कौशल विकास में निवेश के महत्व में जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।इसका मकसद दुनियाभर के युवाओं में तरह-तरह की कौशलता को बढावा देना हैं, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकें और वो अपनी स्किल की बदौलत अच्छाजीवनयापन कर सकें। यह दिन युवा लोगों, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) संस्थानों, फर्मों, नियोक्ताओं, नीति निर्माताओं आदि के बीच संवाद का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। स्किल इंडिया मिशन भी इसी दिन,15 जुलाई को शुरू किया गया था। वर्षों से विश्व युवा कौशल दिवस हर वर्ष एक नए विषयों के साथ मनाया जाता है। विश्व युवा कौशल दिवस का इस वर्ष (2023) की थीम है, 'परिवर्तनकारी भविष्य के लिए शिक्षकों, प्रशिक्षकों और युवाओं को कुशल बनाना.'रखा गया है।

# जयंती विशेष 15 जुलाई




**दुर्गाबाई देशमुख** *Durgabai Deshmukh*, जन्म: 15 जुलाई, 1909 – मृत्यु: 9 अप्रैल, 1981) आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता जिनका जन्म 15 जुलाई, 1909 ई. को राजामुंद्री में एक मध्यम स्तर के परिवार में हुआ था। उनके पिता का बाल्यकाल में ही देहांत हो गया। उनकी माँ राजनीति में भाग लेती थीं और कांग्रेस कमेटी की सचिव थीं। इसका प्रभाव दुर्गाबाई पर भी पड़ा।

# TOB
# खेल कॉर्नर



## घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

| प्लेयर | 5-विकेट | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 13 | 35 | 168 |
| कपिल देव | 12 | 66 | 215 |
| अनिल कुंबले | 10 | 69 | 269 |
| ईशांत शर्मा | 9 | 63 | 207 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **15.07.2025**

## विवेचना

"विवेचना" का हिंदी में अर्थ है विचार करना, विश्लेषण करना, या जांचना। इसका मतलब है किसी विषय या समस्या को अच्छी तरह से समझना, उसके विभिन्न पहलुओं पर विचार करना, और फिर उस पर एक निष्कर्ष पर पहुंचना।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



जापान में, जल्दी ऑफिस पहुँचने वाले लोग अक्सर अपनी गाड़ी ऑफिस से दूर पार्क करते हैं और देर से आने वालों के लिए पास वाली जगह छोड़ देते हैं ताकि वे जल्दी काम पर पहुँच सकें। जापान में यह व्यवहार ओमोइयारी कहलाता है, जो दूसरों के प्रति सहानुभूति और विचारशीलता का एक सांस्कृतिक सिद्धांत है।

# पद्य पंकज

"

कविता समाज का दर्पण,
अंतर्मन का अर्पण है
साहित्य के अंशुमाली
का यह आत्मसमर्पण है।
अलंकार,रस,छंद सभी
निज भावों की भाषा है,
गति-यति-लय मिलन - बिंदु पर
सुख-दुख की परिभाषा है।

सुमित्रा नंदन पंत

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# विश्व युवा कौशल दिवस

## 15 जुलाई




**टीचर्स ऑफ बिहार परिवार सभी भारतीय युवाओं को अपने कौशल के बदोलत आत्मनिर्भरता के पथ पर प्रशस्त होने की शुभकामनाएं देता है।**

# विश्व युवा कौशल दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya